प्रेस नोट थाना खुटार

जनपद शाहजहाँपुर

दिनाँक - 23.05.2026

जनपदीय एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल व थाना खुटार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 02 कि0ग्रा0 फाइन क्वालिटी अवैध अफीम व 02 लाख 05 हजार नगद सहित 02 मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद ।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना खुटार के नेतृत्व में चिन्हित किए गए अपराधियों की गिरफ्तारी, वांछित/वारंटी/जिलाबदर अपराधियों की तलाश, अवैध शराब, शस्त्र, अफीम व चरस की बिक्री/निर्माण की रोकथाम तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना खुटार, एस0ओ0जी0 एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई ।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 23.05.2026 को थाना खुटार पुलिस व जनपदीय एस0ओ0जी0, सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अपराध रोकथाम, अवैध शराब, शस्त्र, अवैध मादक पदार्थ की बिक्री/निर्माण की रोकथाम तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के क्रम में ग्राम लक्ष्मीपुर मोड़ पर चेकिंग की जा रही थी । इसी दौरान मोहम्मदी की ओर से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार काला रंग रजि0 नं0 UP27BW9675 को संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। वाहन चालक द्वारा अचानक तेजी से ब्रेक लगाकर वाहन रोकने पर पुलिस टीम को संदेह हुआ, जिस पर पुलिस टीम द्वारा वाहन की सघन चेकिंग करते हुए पूछताछ की गई जिसमें पहले व्यक्ति ने अपना नाम कृष्ण कुमार गुप्ता पुत्र राममूर्ति गुप्ता नि0 ग्राम जलालाबाद थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 40 वर्ष तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम वीकेश गुप्ता पुत्र रामप्रकाश गुप्ता नि0 ग्राम जलालाबाद थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 36 वर्ष बताया । राजपत्रित अधिकारी के समक्ष अभियुक्तों की जामा तलाशी से अभियुक्त 1. कृष्ण कुमार गुप्ता की पहनी जीन्स पेन्ट की दाहिनी जेब से 01 अदद एण्ड्रॉयड मोबाइल फोन सैमसंग कम्पनी का नीले रंग का व 200 रुपये नगद तथा अभियुक्त 2. वीकेश गुप्ता की पहनी पेन्ट की दाहिनी जेब से 01 अदद एण्ड्रॉयड मोबाइल फोन वीवो कम्पनी का आसमानी नीले रंग का एवं बायीं जेब से 100 रुपये नगद बरामद हुए। वाहन के अन्दर रखे काले रंग के एक बैग की तलाशी लेने पर उसमें रखे कपड़े के थैले से पीले रंग की पन्नी में 02 लाख 05 हजार रुपये नगद तथा ब्राउन रंग की टेप में लिपटी हुई 02 पोटलियों में करीब 02 कि0ग्रा0 फाइन क्वालिटी अवैध अफीम बरामद हुई । उक्त अभियुक्तों को ग्राम लक्ष्मीपुर मोड़ से करीब 20 कदम दूरी से समय करीब 00:26 बजे गिरफ्तार किया गया । बरामद स्विफ्ट डिजायर कार (रजि0 नं0 UP27BW9675) को अन्तर्गत धारा 207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना खुटार पर मु0अ0सं0 157/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है । अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1. कृष्ण कुमार गुप्ता पुत्र राममूर्ति गुप्ता नि0 ग्राम जलालाबाद थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 40 वर्ष ।
2. वीकेश गुप्ता पुत्र रामप्रकाश गुप्ता नि0 ग्राम जलालाबाद थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 36 वर्ष ।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः–

- मु0अ0सं0 157/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना बण्डा, जनपद शाहजहांपुर ।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान का विवरणः-

- दिनांक 23.05.2026 को समय 00.26 बजे लक्ष्मीपुर मोड के पास थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर ।

बरामदगी का विवरणः-

1. 02 कि0ग्रा0 फाइन क्वालिटी अवैध मादक पदार्थ अफीम
2. एक स्विफ्ट डिजायर कार अन्तर्गत धारा 207 एम0वी0 एक्ट में सीज।
3. 02 अदद एंण्ड्राइड मोबाइल (सैमसंग व वीवो कम्पनी)
4. 02 लाख 05 हजार नगद बरामद।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः–

1. श्री अरविन्द कुमार प्रभारी निरीक्षक, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर
2. श्री मनोज कुमार, प्रभारी, एस0ओ0जी0/सर्विलान्स सेल प्रभारी मय टीम
3. उ0नि0 श्री अंकुर कुमार थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
4. उ0नि0 श्री सोहनलाल थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 फिरोज हसन थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 सिकन्दर सिंह मलिक थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 दीपक गिरि थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
8. हे0का0 अमित कुमार दुबे थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर